'A'

रौल नं०..............................नाम परीक्षार्थी........................................

XII-50 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2025 ई० A

# समाजशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा कक्षा – 12 पूर्णांक – 100

**नोटः– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।**

**बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रत्येक 1 अंक)**

**निर्देश–निम्न प्रश्न–खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–**

1. चारों आश्रमों में सर्वश्रेष्ठ आश्रम कौन–सा माना गया है :–
(अ) गृहस्थ आश्रम (ब) वानप्रस्थ आश्रम
(स) ब्रह्म आश्रम (द) संन्यास आश्रम।

2. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन–सा स्थान है :–
(अ) पहला (ब) दूसरा
(स) चौथा (द) सातवाँ।

3. परिवार सामाजिक नियंत्रण का किस प्रकार का साधन है :–
(अ) औपचारिक (ब) विघटित
(स) अनौपचारिक (द) असीमित।

4. भारत में द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष कौन था :–
(अ) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (ब) बी. पी. मण्डल
(स) एम. के. गाँधी (द) काका कालेलकर।

5. स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद भारत अनेक बड़े–बड़े प्रान्तों में बँटा हुआ था, जिन्हें कहा जाता था :–
(अ) राज्य (ब) रियासत
(स) कस्बा (द) इनमें से कोई नहीं।

6. 'सोशल डिस्कवरी' पुस्तक के लेखक कौन है :–
(अ) लिण्डमैन (ब) एम. सी. दुबे
(स) पी. वी. यंग (द) जे. के. फोलसम।

7. कौन–सा नगर भारत का मैनचेस्टर कहलाता है :–
(अ) अहमदाबाद (ब) सिकन्दराबाद
(स) गाँधीनगर (द) जयपुर।

8. संस्कृतिकरण की अवधारणा किसने दी :–
(अ) आर.के. मुखर्जी (ब) सोरोकिन
(स) एम.ए. श्रीनिवास (द) डी.एन. मजूमदार।

9. भारत के संविधान में संशोधन करने का अधिकार किसको प्रदान किया गया है :–
(अ) प्रधानमंत्री को (ब) मुख्यमंत्री को
(स) संसद को (द) राष्ट्रपति को।

10. ऑपरेशन बारगा भारत के किस राज्य से सम्बन्धित था :–
(अ) बिहार (ब) महाराष्ट्र
(स) पश्चिम बंगाल (द) ओडिशा।

(पृष्ठ पलटिए)

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 3 अंक)

11. भारत में न्यूनतम लिंगानुपात वाला राज्य कौन–सा है?
12. भारतीय समाज में स्तरीकरण का प्रमुख आधार कौन–सा है?
13. उदारीकरण के किन्हीं तीन सामाजिक–आर्थिक प्रभावों का वर्णन कीजिए।
14. 'मण्डल आयोग' का गठन कब किया गया था?
15. समुदाय क्या है?
16. सामाजिक अनुसंधान में सूचनाएँ किसके द्वारा संकलित की जाती हैं?
17. नगरीय जीवन के ढंग को क्या कहा जाता है?
18. आधुनिकीकरण की तीन विशेषताएँ बताइए।
19. उदारीकरण की अवधारणा क्या है?
20. कुछ अन्तर्राष्ट्रीय गैर–संगठनों के उदाहरण दीजिए।

## लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 6 अंक)

21. उपनिवेशवाद के कारण जाति व्यवस्था में क्या–क्या परिवर्तन आए?
22. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में बाजार की भूमिका का वर्णन कीजिए।
23. क्षेत्रवाद क्या होता है? आमतौर पर यह किन कारकों पर आधारित होता है?
24. औपचारिकता के आधार पर साक्षात्कार के प्रमुख प्रकार कौन–से हैं?
25. संविधान से आप क्या समझते हैं?
26. चिपको आन्दोलन क्या है? पर्यावरण के विकास में यह किस प्रकार सहायक था?

## विस्तृत उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 8 अंक)

27. 'स्त्री–पुरुष अनुपात' का क्या अर्थ है? भारत में गिरते हुए 'स्त्री–पुरुष अनुपात' के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारक क्या हैं? विवेचना कीजिए।

**अथवा**

प्रजाति किसे कहते हैं? प्रजातीय आधार पर जनजातियों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

28. अनुसूचित जातियों की प्रमुख समस्याएँ बताइए। इनके समाधान हेतु क्या उपाय किए गए हैं?

**अथवा**

धर्मनिरपेक्षतावाद से आप क्या समझते हैं? राष्ट्रीयता के निर्माण में इसकी भूमिका की विवेचना कीजिए।

29. 'संस्कृतीकरण' को परिभाषित कीजिए। इसने भारतीय जाति व्यवस्था को कहाँ तक प्रभावित किया है? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

जनसंचार को परिभाषित कीजिए तथा जनसंचार माध्यमों की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।